RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 27 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 38 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
(R)
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र कांग्रेस में भूकंप!
## नाना पटोले को हटाने के लिए बड़े नेताओं का शिष्टमंडल दिल्ली पहुंचा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र कांग्रेस में किसी बड़े भूकंप के आने के संकेत मिल रहे हैं. प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के खिलाफ असंतोष तीव्र हो चुका है. महाविकास आघाड़ी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे विजय वडेट्टीवार समेत कुछ बड़े नेताओं का शिष्ट मंडल दिल्ली पहुंचा है. यह शिष्ट मंडल हाई कमांड से मिलकर प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को हटाने की मांग करने वाला है. आशिष देशमुख को 6 साल के लिए पार्टी से निकाले जाने के बाद उन्होंने भी नाना पटोले के खिलाफ जम कर हमला बोला है.



प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के खिलाफ राज्य स्तर के नेताओं में असंतोष की बात कोई नई नहीं है. विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात के साथ उनके मतभेद भी हाल ही में खुल कर सामने आए थे. पर हाई कमांड का अब तक विश्वास पटोले पर कायम रहा है. इस वजह से पार्टी के असंतुष्ट धड़े को अब तक कोई खास कामयाबी हासिल नहीं हो पाई है. लेकिन यह असंतोष एक बार फिर अपनी रफ्तार पकड़ रहा है. एक तरफ कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली विजय से पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों मे उत्साह की लहर है तो दूसरी तरफ महाराष्ट्र में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ असंतोष शिखर पर है. सूत्रों के मुताबिक नाना पटोले की कार्यशैली के खिलाफ कांग्रेस का एक शिष्टमंडल शिकायत करने के लिए दिल्ली पहुंच गया है. कहा जा रहा है कि इस शिष्टमंडल का नेतृत्त्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार कर रहे हैं. वे नाना पटोले की ओर से चंद्रपुर के कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवतले को आनन-फानन में निकाले जाने से नाराज बताए जा रहे हैं. यही वजह है कि वे नाना पटोले को हटाए जाने की मुहिम शुरू कर चुके हैं. नाना पटोले को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने के लिए पिछले कुछ महीनों से लगातार पार्टी का एक गुट सक्रिय रहा है. छह साल के लिए पार्टी से निलंबित किए गए आशिष देशमुख ने तो खुलेआम उन्हें हटाए जाने के लिए हाई कमांड को पत्र लिखा था. नाना पटोले ने उनकी ही पार्टी से छुट्टी कर दी. इसकी एक वजह यह भी थी कि वे राहुल गांधी को भी नसीहत देने लग गए थे.

## युवक की हत्या के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार, 1 नाबालिग भी हिरासत में



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में कैंची घोंपकर युवक की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके 16 वर्षीय बेटे को हिरासत में लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। वलीव थाने के वरिष्ठ निरीक्षक कैलास बर्वे ने बताया कि बृहस्पतिवार रात पिता-पुत्र ने 21 वर्षीय अंकित शाह पर कैंची से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना वाकड पाड़ा में हुई और पुलिस ने बाद में पीड़ित के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। बर्वे ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## संजय राउत का BJP पर तंज
## नए संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति नहीं, आडवाणी को भी भूले

**मुंबई:** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने आज (26 मई, शुक्रवार) बीजेपी की केंद्र सरकार पर जम कर हमला बोला. उन्होंने लगातार चौथे दिन नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को न्यौता नहीं दिए जाने पर सवाल किया. उन्होंने कहा कि वे विरोध के लिए विरोध नहीं कर रहे हैं. सवाल राष्ट्रपति, संविधान और लोकतंत्र के सम्मान का है. भारतीय लोकतंत्र में राष्ट्रपति का स्थान सर्वोच्च है, उसके बाद उप राष्ट्रपति और तब प्रधानमंत्री का नंबर आता है. उद्घाटन कार्यक्रम उनके हाथों से करवाना तो दूर, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को न्यौता तक नहीं



दिया गया. संजय राउत ने कहा कि और ये लालकृष्ण आडवाणी तक को भूल गए? कहां हैं वो? उनकी पूरी उम्र पार्लियामेंट में गुजर गई. उनकी वजह से बीजेपी आज वहां से यहां तक पहुंच गई. उन्हें भी भुला दिया? बस ये बताने की कोशिश है कि मैं ही मैं हूं, दूसरा कोई नहीं. संजय राउत आज सुबह मुंबई में पत्रकारों से बात कर रहे थे. शिवसेना (यूबीटी) सांसद राउत ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है. नए संसद भवन के उद्घाटन का मामला है. ऐसा लग रहा है कि यह एक पार्टी का कार्यक्रम है. निमंत्रण पत्रिका में राष्ट्रपति का नाम नहीं, उप राष्ट्रपति का नाम नहीं और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिर्ला का नाम है. उनका स्थान राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के बाद आता है. यह उनको समझ नहीं आता है क्या?

संजय राउत ने आगे कहा कि, कहा जा रहा है कि इंदिरा गांधी ने एनेक्स बिल्डिंग का उद्घाटन किया, राजीव गांधी ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया तब भी तो राष्ट्रपति को नहीं बुलाया. लेकिन वे भवन पार्लियामेंट नहीं थे. वहां सत्र नहीं बुलाए जाते थे.

## नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह पर अब सांसद नवनीत राणा बोलीं-
## 'मुझे समझ नहीं आता कि विपक्ष...'

**मुंबई:** नए संसद के उद्घाटन समारोह पर सियासत जारी है. पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों नए संसद भवन का उद्घाटन कराए जाने को विपक्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान बता रहा है. इसी बीच अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने संसद भवन के उद्घाटन को लेकर बड़ा बयान दिया



है. उन्होंने कहा कि वे (विपक्ष) इस बात से परेशान है कि पीएम मोदी ने वो किया है जो वे (विपक्ष) नहीं कर सके, उन्हें पीएम मोदी से परेशानी है. अमरावती से सांसद नवनीत राणा ने कहा, ''पुरानी संसद अंग्रेजों ने बनाई थी लेकिन नई संसद के पीछे का दिमाग और काम भारतीयों का है और मुझे समझ नहीं आता कि विपक्ष इतने मुद्दे क्यों बना रहा है. विपक्ष इस बात से परेशान है कि पीएम मोदी ने वो किया है जो वे (विपक्ष) नहीं कर सके, उन्हें पीएम मोदी से परेशानी है.''संसद भवन के उद्घाटन समारोह में जाने को लेकर उन्होंने कहा कि हम पूरे दिल और इच्छा के साथ उद्घाटन समारोह में जाएंगे और जो नहीं जा पा रहे हैं वह टीवी के सामने बैठकर उस पवित्र मंदिर के उद्घाटन को देखेंगे.

### 21 विपक्षी दलों ने किया संसद के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार...

बता दें कि 21 विपक्षी दलों ने एक सुर में नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का यह कहते हुए बहिष्कार किया है कि इस समारोह में राष्ट्रपति को ना बुलाना उनका अपमान है. विपक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति संसद का मुखिया होता है और मोदी सरकार आदिवासी और महिला विरोधी है, इसी वजह से राष्ट्रपति मुर्मू को इस कार्यक्रम से दूर रखा जा रहा है. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे.

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 27 मई 2023






## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### दलदल से बचाव

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हमारे समाज के चंद लोग पैसा कमाने की हवस में इतना गिर जाते हैं कि किसी दूसरे की जिंदगी तबाह करने में भी उफ नहीं करते। इससे बड़ा कोई अपराध नहीं हो सकता कि किसी के लालच से बेहतर भविष्य की आस में अपनी सारी जमा-पूंजी जुटाकर काम की तलाश में विदेश जाने वाली कमजोर वर्ग की महिलाओं का जीवन नारकीय बना दिया जाये। कहां तो महिलाएं विदेशों में सुनहरे सपने पूरे करने गई थी और कहां दलालों की दलदल में फंसकर उनका जीवन दु:स्वप्न में बदल गया। पिछले दिनों एक विचलित करने वाला वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ जिसमें कुछ भारतीय महिलाएं जीवन बचाने की गुहार लगा रही थी। जिसके बाद भारतीय अधिकारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। जिसके बाद पंजाब की 35 महिलाओं में से पांच को बचाने हेतु कार्रवाई हुई। इन महिलाओं का आरोप था कि एजेंटों ने उन्हें धोखे से गलत लोगों के पास भेज दिया। ये महिलाएं ओमान में फंसने और शोषण होने की बात कह रही थी। इन महिलाओं ने न केवल जमा-पूंजी एजेंटों के हाथ गवांयी बल्कि उन्हें अकथनीय शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का भी शिकार होना पड़ा है। इस तरह खाड़ी देशों में अच्छी कमाई करके अपने परिवारों की मदद करने के उनके सपने चकनाचूर हो गये। अधिकारियों के हस्तक्षेप से हुई कार्रवाई में आठ महिलाएं बुधवार को वापस घर आ गई। शेष बची महिलाओं को भी नारकीय जीवन से मुक्त कराने के प्रयास जारी हैं, जो एजेंटों के द्वारा ठगे जाने के बाद खाड़ी देशों में शोषण का शिकार हैं। इस घटना ने एक बार फिर बेलगाम कबूतर बाजी पर लगाम लगाने और इस क्षेत्र को अधिक पारदर्शी बनाने की जरूरत पर बल दिया है। अन्यथा भविष्य में अमानवीय घटनाओं का अंतहीन सिलसिला जारी रहेगा। कानून की सख्ती ही व्यवस्था में बदलाव में सहायक साबित होगी।

निस्संदेह, बार-बार ऐसे मामलों के उजागर होने के बाद जहां सरकार द्वारा विदेश जाने की व्यवस्था से जुड़े पहलुओं का सख्ती से नियमन करना जरूरी है, वहीं लोगों को भी सचेत करने की जरूरत है। इस बाबत पूरे देश में जन जागरूकता अभियान चलाने की भी आवश्यकता है। जरूरी है कि हवाई अड्डे के अधिकारियों को बोर्डिंग से पहले गरीब व अशिक्षित महिलाओं की पहचान करनी होगी। उन्हें आगे आने वाले खतरों के प्रति सचेत करना होगा। उन्हें संवेदनशील ढंग से समझाया जाना चाहिए कि विदेश में काम करने के दौरान उन्हें किन-किन अमानवीय स्थितियों से भी गुजरना पड़ सकता है। इसके अलावा कुकरमुत्तों की तरह उग आई विदेश भेजने वाली कंपनियों व एजेंटों के लिये सख्त नियामक मानदंड तय करने होंगे। इन दिनों सोशल मीडिया पर विदेश भेजने वाले बिचौलियों के भ्रामक विज्ञापनों का जाल बिछा रहता है। दलालों और भ्रामक विज्ञापन देने वालों पर सख्ती से नकेल कसने की जरूरत है। ये घटनाएं हमारे नीति-नियंताओं के लिये आईना भी हैं कि क्यों देश के युवा हाथों

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# एक बार फ्लाइट में बैठाकर फिर उतारा

## 300 यात्री रात से ही मुंबई एयरपोर्ट पर फंसे, जोरदार हंगामा!

**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिली सनसनीखेज खबर के अनुसार, यहां के मुम्बई एयरपोर्ट पर करीब 300 से ज्यादा यात्री बीते गुरूवार देर रात से ही एयरपोर्ट पर फंसे हैं। दरअसल यहां एक फ्लाइट में तकनीकि खराबी आई है। इस विमान को रात साढ़े 11 बजे मुंबई से वियतनाम के लिए उड़ान भरनी थी। लेकिन बाद में तकनिकी कहानियों के चलते यात्रियों को एक बार फ्लाइट में बैठाकर फिर उतारा गया। फिलहाल एयरपोर्ट पर यात्रियों का बदस्तूर हंगामा जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार मुम्बई एयरपोर्ट पर श्क्ष्ळखएळ एयर की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के चलते लगभग 300 यात्री रात से ही एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। इस प्लेन को मुम्बई से वियतनाम जाना था। जानकारी के अनुसार फ्लाइट को एयरपोर्ट से रात साढ़े 11 बजे ही



उड़ान भरनी थी। लेकिन, प्लेन अभी तक एयरपोर्ट पर ही है।

दरअसल यह विमान उड़ने ही वाला था। वहीं इसमें यात्रियों को प्लेन के अंदर बैठा भी लिया गया था। लेकिन, तभी प्लेन के अंदर किसी तकनीकी गड़बड़ी का पता चला। इसके बाद सभी यात्रियों को फौरन प्लेन से उतार लिया गया। यात्रियों में कई बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यात्रियों के हंगामे की वजह से कुछ देर के लिए एयरपोर्ट पर अफरातफरी की स्थिति बनी रही। अब इस प्लेन में क्या तकनीकी गड़बड़ी हुई है, अभी इस बात की जानकारी खुलकर सामने नहीं आई है। लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि जल्द ही फ्लाइट उड़ान भरेगी। लेकिन, अभी तक कोई भी अपडेट नहीं है।

गौरतलब है कि, बीते गुरूवार को ही दिल्ली में एयर इंडिया के दिल्ली से बैंकॉक जाने वाले एक विमान में आई खराबी का खामियाजा करीब 300 यात्रियों को भुगतना पड़ा। लगभग साढ़े 7 घंटे तक विमान के अंदर ही कैद रहना पड़ा। आरोप है की इस दौरान खाना-पानी तक यात्रियों को उपलब्ध नही करवाया गया। जब हवाई यात्रियों के परिवार वालों ने ट्वीट करके जानकारी शेयर की तो एयर इंडिया की तरफ से ट्विटर पर सिर्फ माफी मांगी जाती रही थी।

### पुलिस आयुक्त के हाथों ६ पुलिस अधिकारी हुए सम्मानित



**वसई :** अप्रैल २०२३ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मचारियों को मीरा-भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय ने प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। बताया गया है कि अपराध समीक्षा बैठक (२४ मई) में क्राइम ब्रांच यूनिट २ (सहायक पुलिस निरीक्षक ) सुहास कांबले, नालासोपारा पुलिस स्टेशन के सीनियर पी.आई विलास सुपे, ए.पी. आई सुहास कांबले (क्राइम ब्रांच युनिट २), काशिमीरा पुलिस स्टेशन के सीनियर पी.आई संदीप कदम, क्राइम ब्रांच युनिट १ पी.आई अविराज कुराडे, क्राइम ब्रांच युनिट ३ पी.आई प्रमोद बड़ाख और वालीव पुलिस स्टेशन के सीनियर पी.आई कैलास बर्वे को प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार देकर उनको गौरवान्वित किया।

# पुलिस ने डॉन अबू सलेम के भतीजे आरिफ को दबोचा



**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिली एक खबर के अनुसार, अब डॉन अबु सलेम के भतीजे आरिफ को मुंबई से उत्तर प्रदेश पुलिस ने हिरासत में लिया है। दरअसल आरिफ वढ पुलिस की लिस्ट में फरार घोषित था। लेकिन फिर उसके मुंबई में होने की सूचना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस पहुंची और उसे बांद्रा के एक होटल के नजदीक पान की दुकान पर स्पॉट किया गया। मुंबई पुलिस ने इस बाबत लोकल असिस्टेंस प्रदान किया। उसे फिलहाल उत्तरप्रदेश लाया जा रहा है। मामले पर मिली जानकारी के अनुसार वढ पुलिस ने अबु सलेम के भतीजे आरिफ को बांद्रा हिल रोड के पास से पकड़ा है। बता दें कि, आरिफ लंबे समय से फरार चल रहा था। वहीं उसकी तलाश में वढ पुलिस ने इसके पहले भी कई जगह छापेमारियां भी की थीं।

बाद में लोकल इंटेल द्वारा वढपुलिस को ऐसी सूचना मिली थी कि आरिफ मुम्बई में छिपकर रह रहा है। जिसके तुरंत बाद वढ पुलिस ने इस बात की सूचना मुंबई पुलिस को दे दी। वहीं आरिफ को पकड़ने के लिए वढ पुलिस की एक टीम भी मुंबई पहुंची। इधर मुंबई पुलिस ने उन्हें आरिफ के संबंध में और जानकारी उपलब्ध कराई। इस बीच, पता चला कि आरिफ बांद्रा के एक होटल के नजदीक पान की दुकान पर खड़ा है। जिसके बाद पुलिस दल ने मौके पर पहुच कर उसे दबोच लिया।

# चोरी के शक में युवक की पीट-पीटकर दर्दनाक हत्या, 5 गिरफ्तार



**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिली एक बड़ी खबर के अनुसार, यहां मुंबई के कस्तूरबा मार्ग थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की चोरी के आरोप में पीट-पीटकर हत्या करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। वहीं इस मामले में कस्तूरबा पुलिस ने अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल बोरीवली ईस्ट इलाके में लोगों ने चोरी के शक में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जानकारी के अनुसार यहां लोगों ने उसे चोर समझ लिया था। बाद में पुलिस की एक टीम प्रवीण लहाणे को भीड़ से बचाने में सफल रही और पहले उसे कस्तूरबा मार्ग पुलिस थाने और फिर नजदीकी अस्पताल ले गई। जहां शुरूआती इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई और वह फिर से थाने गए। हालांकि, कुछ समय बाद उन्हें बेचैनी महसूस हुई और पुलिस ने उन्हें उसी अस्पताल ले गई, जहां उनकी मौत हो गई।

इस मामले पर कस्तूरबा पुलिस ने बताया कि कुछ लोगों ने चोरी के आरोप में एक आरोपी की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद अब पांच लोगों को अरेस्ट किया गया है। जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई है उसकी पहचान प्रवीण लहाने के तौर पर हुई है. बताया जा रहा है कि वह एक पुलिस अधिकारी का भाई है। पुलिस ने इस मामले में क्ढ की धारा 304, 143, 144, 147, 148, 149 के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## 1 जनवरी 2011 तक के झोपड़पट्टी वासियों को ढाई लाख में मिलेगा घर



**मुंबई :** मुंबई के झोपड़ाधारकों को केवल ढाई लाख रुपए में पक्का घर मिल सकेगा। एक जनवरी २००० से १ जनवरी २०११ तक के झोपड़पट्टीवासियों को यह लाभ मिलेगा। सरकार के इस फैसले को लेकर कल गृह निर्माण विभाग ने घोषणा की। इससे लाखों झोपड़पट्टी वासियों को राहत मिली है। झोपड़पट्टी पुनर्वास योजना के तहत १ जनवरी, २००० तक के मुंबई में झोपड़पट्टी वासियों को मुफ्त फ्लैट प्रदान किए जाते हैं। अब १ जनवरी २००० से २०११ तक के झोपड़पट्टी वासियों को भी ढाई लाख रुपए की फीस पर पुनर्वसन किया जा रहा है। उन्हें मुंबई में झोपड़ी की जगह पक्का घर मिलेगा। झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आगामी दिनों में नई योजना के लाभार्थियों के लिए नियम और शर्तें निर्धारित करेंगे।

# मिर्गी के कलंक से मुक्ति दिलाने अवेयरनेस अभियान



**मुंबई :** मिर्गी के कलंक से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से मुंबई की एपिलेप्सी फाउंडेशन ने कमाल की युक्ति लगाई है। बीमारी को लेकर समाज में फैली मिथक धारणाओं को दूर करने के लिए अवेयरनेस अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आयोजित हुए टाटा मुंबई मैराथन २०२३ में फाउंडेशन की तरफ से २४० लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें से १८० मरीज का समावेश है। यह जानकारी देते हुए फाउंडेशन के डॉ. निर्मल सूर्या ने कहा कि इस साल का विषय फाइट स्टिग्मा विद एपिलेप्सी है।

आजकल मिर्गी का दौरा एक आम समस्या है। आंकड़ों की मानें तो देश में १.३० करोड़ की आबादी प्रभावित है। ये बच्चों में सबसे आम मस्तिष्क विकारों में से एक है। हालांकि, ज्यादातर लोगों में दौरे को मॉर्डन मेडिसिन से ठीक किया जा सकता है। लेकिन लगभग २० प्रतिशत रोगियों पर किसी भी तरह की दवा का कोई असर नहीं होता है। इसके विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि इन मामलों में इसका कारण क्षतिग्रस्त या असामान्य ब्रेन टिशू के पैच हो सकते हैं, जिन्हें कॉर्टिकल डेवलपमेंट की विकृतियां (एमसीडी) के रूप में जाना जाता है। दिमाग में किसी तरह का पैच होने के कारण मिर्गी के दौरे पड़ते हैं। हालांकि, सर्जरी से ब्रेन के पैच को हटाकर मिर्गी को ठीक किया जा सकता है।

एपिलेप्सी के विशेषज्ञ व फाउंडेशन के डॉ. निर्मल सूर्या ने बताया कि देश में १.३० करोड़ और दुनिया में ५ करोड़ लोग एपिलेप्सी से प्रभावित हैं। यदि शीघ्र निदान किया जाए, तो मिर्गी का इलाज किया जा सकता है। वहीं इस बीमारी को लेकर फाउंडेशन की तरफ से नौ जनवरी से १३ फरवरी तक अवेयरनेस अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिर्गी से पीड़ित लोगों के प्रति धावक का प्रत्येक कदम मिर्गी के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करेगा। इसके तहत एपिलेप्सी फाउंडेशन और इंटरनेशनल ब्यूरो फॉर एपिलेप्सी ने टाटा मुंबई मैराथन २०२३ में भाग लिया। इसमें २४० धावकों ने भाग लिया, जिसमें से एक फुल मैराथन, दो हाफ, दो १० किमी और बाकी ड्रीम रनर में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि दौड़ में शामिल करीब १८० लोग मिर्गी से पीड़ित थे।


# फिर पकड़ा गया नाईजीरियन



**वसई :** मीरा-भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत एंटी-नारकोटिक्स सेल,अपराध शाखा की टीम ने नालासोपारा पूर्व इलाके में रेड कर एक ३८ वर्षीय नाइजीरियन को लाखो रुपये के नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाईवरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में एंटी-नारकोटिक्स सेल,अपराध शाखा के पी.आई अमर मराठे के नेतृत्व में एंटी-नारकोटिक्स सेल,अपराध शाखा की टीम ने की है। मिली जानकारी के अनुसार, एंटी-नारकोटिक्स सेल, अपराध शाखा की टीम ने गुप्त सूचना के आधार घटना के दिन रात्रि लगभग १० बजे के आसपास नालासोपारा पूर्व के प्रगति नगर,हाइटेंशन रोड,आजमी पान शॉप के पास से जाल बिछाया और एक ३८ वर्षीय नाईजीरियन को पकड़ा,पुलिस ने बताया कि नाईजीरियन के पास से ३७ ग्राम वजन मैफड्रोन जब्त किया गया है।जिसकी कुल कीमत ७,४०,००० रुपये आकी गयी है। आरोपी नाईजीरियन चुक्स चुक्वूनेन्ये सिग्बे (३८) को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही एंटी-नारकोटिक्स सेल,अपराध शाखा में कार्यरत पुलिस हवालदार विष्णुदेव घरबुडे की शिकायत पर तुलिंज थाने ने उपरोक्त आरोपी नाईजीरियन के ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत ममला दर्ज किया।

# भाजपा पदाधिकारियों द्वारा अभद्र टिप्पणी का मामला पहुँचा पुलिस स्टेशन...




**वसई :** २४ मई (बुधवार) को सुबह ११ बजे नालासोपारा पूर्व के तुलिंज पुलिस स्टेशन के सामने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा एक आंदोलन में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसके देखते ही चंद घंटे के अंदर विरार कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष रतन तिवारी सक्रिय हुए और सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के साथ तुलिंज पुलिस स्टेशन में जाकर भाजपा के पदाधिकारियों के ऊपर एफआईआर करवाने का निवेदन पत्र दिया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष रतन तिवारी ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक से चर्चा हुई उन्होंने कहां एफआईआर होगी, इस अवसर पर वसई विरार कांग्रेस उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रितेश सोलंकी, महिला सेवादल अध्यक्ष आलिया खान, प्रदेश महिला सेवादल सचिव मरिया, नालासोपारा ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरफात सय्यद, विरार ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुहैल खान, महासचिव विकास सिंह, नदीम खान, मधु यादव, सचिव, मनोज सिंह व प्रदीप यादव इत्यादि प्रमुख लोग उपस्थित रहें।

# १२वीं का रिजल्ट: कन्याओं ने मारी बाजी... मुंबई बोर्ड सबसे पीछे



**मुंबई :** राज्य में कल १२वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। इस वर्ष १२वीं परीक्षा का परिणाम ९१.२५ फीसदी रहा है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में कम है। राज्य के नतीजों में जहां कोकण मंडल बोर्ड और वहां की लड़कियों का दबदबा कायम है, वहीं मुंबई मंडल बोर्ड ने इस साल भी निराशाजनक प्रदर्शन किया है। मुंबई को सबसे कम ८८.१३ फीसदी रिजल्ट मिला है। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष मुंबई के रिजल्ट में २.७८ फीसदी गिरावट आई है।

इस वर्ष कोरोना के बाद पहली बार शत-प्रतिशत पाठ्यक्रम आधारित परीक्षा बिना विस्तारित समय रियायत के आयोजित की गई थी। शायद इसी का नतीजा है कि इस साल परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में गिरा है और मेधावी छात्रों की संख्या (मेरिट) भी कम हुई है।

राज्य के ३ हजार १९५ मुख्य केंद्रों पर हुई इस परीक्षा के लिए १४ लाख २८ हजार १९४ छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इस वर्ष पिछले पांच वर्षों की तुलना में सबसे अधिक छात्रों ने फार्म भरे थे। परीक्षा में शामिल हुए इन १४ लाख १६ हजार ३७१ छात्रों में से १२ लाख ९२ हजार ४६८ छात्र पास हुए हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल राज्य का रिजल्ट २.९७ फीसदी कम रहा है।

## ठाणे में रसायन ले जा रहा टैंकर पलटा, कोई हताहत नहीं...




**ठाणे :** गुजरात के लिए रासायनिक पदार्थ लेकर जा रहा एक टैंकर बृहस्पतिवार देर रात महाराष्ट्र के ठाणे जिले में घोड़बंदर रोड पर पलट गया जिससे कुछ घंटों के लिए यातायात बाधित हो गया। ठाणे महानगरपालिका के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि घटना पाटलीपाड़ा में देर रात एक बजकर 50 मिनट पर हुई और उसमें कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने कहा, ''25 टन टॉल्यूइन लेकर जा रहा टैंकर पलट गया जिससे रसायन सड़क पर बिखर गया। सूचना मिलने के बाद दमकल और आरडीएमसी कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और किसी अप्रिय घटना को होने से रोकने के लिए उन्होंने सड़क पर फैले रसायन को रेत से ढका। सावंत ने बताया कि रायगढ़ जिले में जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) से सूरत जा रहे टैंकर को क्रेन की मदद से सड़क से हटाया गया और सुबह करीब चार बजे यातायात बहाल हो सका।

## माल के साथ 2 लुटेरे गिरफ्तार



**वसई :** लूट के मामले में पेल्हार पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन की टीम ने दो शातिर लुटेरो को गिरफ्तार किया है इनके पास से मोटरसाइकिल व मोबाइल जप्त करते हुए ४ अपराधों (लूटपाट) की गुत्थी सुलझाई है। यह कार्रवाई परिमंडल ३ डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में पेल्हार थाने के सीनियर पीआई वसंत लब्दे व पीआई (क्राइम) महेंद्र शेलार के नेतृत्व में पीएसआई सनिल पाटिल की टीम ने की है।यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को दी है। पुलिस ने बताया कि,१७ मई को पेल्हार थाने में शिकायतकर्ता दत्तात्र जगन्नाथ बेलोसे (४३) ने अपने साथ हुए मोबाइल लूटपाट के मामले में दो अज्ञात आरोपियों पर के खिलाफ केस दर्ज करवाया था,इस मामले में आरोपी मोहम्मद सलीम अन्सारी (२१) और मोहम्मद वारीस अली खान (२०) को उपरोक्त अपराध में २४ घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया।




# शादी का झांसा देकर महिला कांस्टेबल से रेप का मामला दर्ज



**ठाणे :** ठाणे में पुलिस ने पुणे शहर में स्थित बॉम्बे इंजीनियर ग्रुप एंड सेंटर में तैनात सेना के एक जवान के खिलाफ सोशल मीडिया पर दोस्ती करने वाली 30 वर्षीय महिला कांस्टेबल से कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने यह जानकारी दी। महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, पीड़िता मुंबई पुलिस में एक कांस्टेबल के रूप में काम करती है और ठाणे जिले के कल्याण में अकेली रहती है।

लगभग डेढ़ साल पहले, वह आरोपी से सोशल मीडिया पर मिली थी और जल्द ही उनके बीच दोस्ती हो गई। बॉम्बे इंजीनियर ग्रुप में 'डीआई ट्रेनर' के पद पर तैनात आरोपी बीड का रहने वाला है।

2022 में, आरोपी पहली बार पीड़िता से उसके आवास पर मिला और उसके साथ बलात्कार करने से पहले नशीला पदार्थ मिलाकर पीने की पेशकश की। पुलिस ने कहा कि उसने इस साल मई तक उससे शादी करने का झांसा देकर कई बार अपराध दोहराया। लेकिन हाल ही में उसने महिला से कहा कि वह उससे शादी नहीं कर सकता क्योंकि वह एक आदिवासी समुदाय से है। इसके बाद महिला ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# महाराष्ट्र के सत्ता परिवर्तन को दिखाएगी 'सिटी ऑफ ड्रीम्स 3'? अतुल कुलकर्णी ने किया खुलासा...

**ठाणे :** डिज्नी प्लस हॉटस्टार की लोकप्रिय सीरीज 'सिटी ऑफ ड्रीम्स' के मेकर्स ने इसके तीसरे सीजन का एलान पहले ही कर दिया था। इस सीरीज के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए थे। अब इसका तीसरा सीजन फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। अब मेकर्स इसका तीसरा सीजन लेकर




आने वाले हैं। फैंस भी अगले पार्ट को देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। अब इस सीरीज के कुछ किरदारों ने अगले पार्ट की कहानी को लेकर कई खुलासे किए हैं।

**सीरीज 'सिटी ऑफ ड्रीम्स' की कहानी को लेकर किया खुलासा**

पिछले दिनों डिज्नी प्लस हॉटस्टार के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी शेयर की गई है। पोस्ट में एक वीडियो शेयर किया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'गायकवाड़ का रिश्ता महाराष्ट्र के साथ अभी खत्म नहीं हुआ है! आप भी तो यही चाहते थे। हॉटस्टार स्पेशल 'सिटी ऑफ ड्रीम्स' का तीसरा सीजन जल्द आ रहा है।' सचिन पिलगांवकर ने अतुल की बात को सपोर्ट करते हुए कहा कि मैं कुछ नहीं कहना चाहूंगा लेकिन जिंदगी इत्तेफाक से हैं। कल भी इत्तेफाक थी और आज भी इत्तेफाक है। बता दें कि इस पॉलिटिकल ड्रामा सीरीज में अतुल कुलकर्णी, प्रिया बापट, सचिन पिलगांवकर, सुशांत सिंह जैसे सितारे अहम रोल में हैं।

## महाराष्ट्र में हुए सत्ता बदलाव पर आधारित है कहानी

**अब हाल ही में, इस वेब सीरीज के दो किरदारों ने एक इंटरव्यू में अगले सीजन की कहानी को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। इस इंटरव्यू में सचिन पिलगांवकर और अतुल कुलकर्णी से पूछा गया कि क्या अगले सीजन में महाराष्ट्र में हुए सत्ता बदलाव को दिखाया जाएगा। इस पर दोनों अभिनेता कहते हैं, 'हमने एक या डेढ़ साल पहले यह सीरीज शूट करना शुरू किया था और इस शूटिंग से एक साल पहले यह कहानी लिखी गई थीष इसलिए मुझे हमेशा यह डर लगा रहा, पिछले कुछ दिनों से कि कई हमारे राइटरस का क्रेडिट छीन न जाए। लोगों को यह न लगे कि आपने जो हो रहा है, वहां से उठा लिया, लेकिन हुआ उल्टा है, इस पॉलिटिक्स ने हमसे प्रेरणा ली है।'**

# पालघर जिले का 12 वीं का परिणाम रहा 90.76 प्रतिशत

**पालघर :** फरवरी/मार्च 2023 में आयोजित 12वीं (उच्चतर माध्यमिक ) परीक्षा का परिणाम बीते दिन घोषित कर दिया गया जिसमें पालघर जिले के कुल 49 हजार 448 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 27 हजार 198 लड़के और 22 हजार250 लड़कियां उक्त परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें से 24 हजार 277 लड़के पास हुए जबकि 20 हजार 602 लड़कियां पास हुई हैं, इस प्रकार कुल 44 हजार 879 विद्यार्थी पास हुए हैं। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 89.26% जबकि छात्राओं का 92.59% रहा। इस तरह जिले का कुल रिजल्ट 90.76% रहा। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संस्थान संचालकों, प्राचार्यों, पालक मंत्री जिला पालघर, अध्यक्ष, जिला परिषद पालघर, कलेक्टर, जिला पालघर, उपाध्यक्ष, जिला परिषद पालघर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डी.पी. पालघर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डी.पी. पालघर एवं शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक ) जिला परिषद पालघर ने बधाई दी।

# महाराष्ट्र कांग्रेस में जल्दी बड़ा भूकंप! नाना पटोले को हटाने के लिए बड़े नेताओं का शिष्टमंडल दिल्ली पहुंचा...

**मुंबई:** महाराष्ट्र कांग्रेस में किसी बड़े भूकंप के आने के संकेत मिल रहे हैं. प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के खिलाफ असंतोष तीव्र हो चुका है. महाविकास आघाड़ी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे विजय वडेट्टीवार समेत कुछ बड़े नेताओं का शिष्ट मंडल दिल्ली पहुंचा है. यह शिष्ट मंडल हाई कमांड से मिलकर प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को हटाने की मांग करने वाला है. आशिष देशमुख को 6 साल के लिए पार्टी से निकाले जाने के बाद उन्होंने भी नाना पटोले के खिलाफ जम कर हमला बोला है. प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के खिलाफ राज्य स्तर के नेताओं में असंतोष की बात कोई नई नहीं है. विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात के साथ उनके मतभेद भी हाल ही में खुल कर सामने आए थे. पर हाई कमांड का अब तक विश्वास पटोले पर कायम रहा है. इस वजह से पार्टी के असंतुष्ट धड़े को अब तक कोई खास कामयाबी हासिल नहीं हो पाई है. लेकिन यह असंतोष एक



बार फिर अपनी रफ्तार पकड़ रहा है.

**विजय वडेट्टीवार कर रहे हैं असंतुष्टों का नेतृत्व, पटोले का काम नहीं ठीक**

एक तरफ कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली विजय से पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों मे उत्साह की लहर है तो दूसरी तरफ महाराष्ट्र में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ असंतोष शिखर पर है. सूत्रों के मुताबिक नाना पटोले की कार्यशैली के खिलाफ कांग्रेस का एक शिष्टमंडल शिकायत करने के लिए दिल्ली पहुंच गया है. कहा जा रहा है कि इस शिष्टमंडल का नेतृत्ल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार कर रहे हैं. वे नाना पटोले की ओर से चंद्रपुर के कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवतले को आनन-फानन में निकाले जाने से नाराज बताए जा रहे हैं. यही वजह है कि वे नाना पटोले को हटाए जाने की मुहिम शुरू कर चुके हैं.

**आशिष देशमुख ने भी पटोले के खिलाफ पत्र लिखा था, उन्हें ही निलंबित होना पड़ा**

नाना पटोले को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने के लिए पिछले कुछ महीनों से लगातार पार्टी का एक गुट सक्रिय रहा है. छह साल के लिए पार्टी से निलंबित किए गए आशिष देशमुख ने तो खुलेआम उन्हें हटाए जाने के लिए हाई कमांड को पत्र लिखा था. नाना पटोले ने उनकी ही पार्टी से छुट्टी कर दी. इसकी एक वजह यह भी थी कि वे राहुल गांधी को भी नसीहत देने लग गए थे. मसलन उन्होंने राहुल गांधी को सलाह दी थी कि अगर उनके बयान से ओबीसी समाज को ठेस पहुंची है तो माफी मांग लेने में कोई बुराई नहीं है.

# बांद्रा-वसोर्वा सी-लिंक से प्रभावित होंगे हजारों मछुआरे... MSRDC करेगी सलाहकार की नियुक्ति

**मुंबई :** बांद्रा-वसोर्वा सी-लिंक के काम को गति देने के लिए महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने कमर कस ली है। उल्लेखनीय है कि 2018 से बांद्रा-वसोर्वा सी-लिंक का चल रहा निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। पिछले कुछ माह से इस बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने का काम तो हो रहा है, परंतु इसमें एक बड़ी समस्या के रूप में सी लिंक के रूट में पड़ने वाले कोली वाड़े और उनकी समस्या भी है। इस समस्या के समाधान के लिए एमएसआरडीसी ने सलाहकार समिति नियुक्त करने का निर्णय लिया है। बांद्रा-वसोर्वा सी-लिंक से प्रभावित होने वाले मछुआरों और उनके स्थानों का सर्वे करने, उनके पुनर्वास और अन्य मामलों में नीतिगत निर्णय लेने के लिए सलाहकार नियुक्ति के लिए निविदा जारी की गई है। 17 किमी लंबे मुंबई के दूसरे बांद्रा-वसोर्वा सी-लिंक को बनाने का काम एमएसआरडीसी के जिम्मे है। एमएसआरडीसी अधिकारियों के अनुसार, इसका 7 प्रतिशत से ज्यादा काम हो गया है। पानी के भीतर पिलर तैयार करने, आवश्यक तकनीक और



सामान निर्माण स्थल तक पहुंचाने के लिए अस्थाई ब्रिज तैयार करने का काम चल रहा है। गौरतलब है कि सी ब्रिज निर्माण का ठेका नई कंपनी को दिए जाने के बाद काम में तेजी आई है।

**मछुआरों को विश्वास में नहीं लिया गया**

चर्चा है कि इस सी लिंक का काम करते हुए स्थानीय मछुआरों को अब तक विश्वास में नहीं लिया गया। भाटी मच्छीमार ग्राम विकास मंडल और सर्वोदय मच्छीमार सहकारी संस्था के पदाधिकारी गणेश कोली ने बताया कि बांद्रा-वसोर्वा सी-लिंक और उसके आगे विरार तक 35 से ज्यादा कोली वाड़े हैं जो सी लिंक की वजह से प्रभावित हो रहे हैं। मानवधिकार कार्यकर्ता गणेश कोली ने कहा कि प्रोजेक्ट को विरोध नहीं है, परंतु प्रभावितों को विश्वास में नहीं लिया गया, जिनकी संख्या हजारों में है। कोली ने कहा कि इस सी लिंक की वजह से हमारा व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित होने वाला है। मछली मारी का गोल्डन पट्टा इसके अंतर्गत आ रहा है। उन्होंने कहा कि मछुआरों को विश्वास में लेकर ही काम आगे बढ़ सकेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले 4-5 साल से काम ठप था।

**20 मिनट में वर्ली से वसोर्वा**

यह ब्रिज बनने पर डेढ़ से दो घंटे के बदले बांद्रा से वसोर्वा 20-25 मिनट में पहुंचा जा सकेगा।एमएसआरडीसी ने सी-लिंक निर्माण कंपनी को एक और कास्टिंग यार्ड के लिए जमीन उपलब्ध करा दिया है। इस प्रोजेक्ट को 2026 तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके निर्माण पर 11 हजार 350 करोड़ रुपये खर्च होने वाले हैं। इसके साथ वसोर्वा से विरार के बीच तीसरे सी-लिंक के विस्तार की भी योजना बनी है। इस पर सरकार जल्द ही निर्णय ले सकती है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com